## सार-समाचार

### पोकरण के गांव सौर ऊर्जा में अग्रणी

**पोकरण**, (नि.सं.)। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी जैसलमेर जिले के पोकरण क्षेत्र में अब सुदूर गांवों तक हरित ऊर्जा की रोशनी पहुंच रही है। उरमूल ट्रस्ट और एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की साझेदारी में ग्रामीणों के लिए एक नई उम्मीद जगी है। 'हृदय परियोजना' के अंतर्गत चल रही इस पहल में अब तक 10 गाँवों में 80 से अधिक सोलर स्ट्रीट लाइटें लगाई जा चुकी हैं। परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण जीवन को अधिक सुरक्षित, आत्मनिर्भर और आधुनिक बनाना है। परियोजना निदेशक दीनदयाल अरोडा ने जानकारी दी, रात्रि में गांवों में अंधेरे के कारण आवागमन में समस्याएं आती थीं। सोलर स्ट्रीट लाइट्स की स्थापना से अब ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रिकालीन गतिविधियाँ सरल और सुरक्षित हो गई हैं। हमारा लक्ष्य 100 से अधिक लाइट्स लगाने का है। परियोजना संकुल प्रभारी मिश्रीलाल ने बताया कि इन सौर लाइटों के कारण ग्रामीण बच्चों को शाम के समय खेलने और पढाई में आसानी हो रही है। महिलाएँ अब आत्मविश्वास के साथ रात्रि में भी बाहर आ-जा सकती हैं। ग्राम जसवंतपुरा निवासी सवाई सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब हमारे गाँव में रात का अंधेरा डर का नहीं, बल्कि रोशनी और सुरक्षा का प्रतीक बन गया है। इस पहल से हरित ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, और सतत ग्रामीण विकास को बल मिला है। यह परियोजना जैसलमेर के ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरी है।

### हिस्ट्रीशीटर ने लगाया रुपए ऐंठने का आरोप

**जोधपुर**, (कासं)। कमिश्नरेट के जिला पूर्व के एक हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ कुछ महिने पहले युवती ने चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाने में दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अब हिस्ट्रशीटर ने युवती और उसके सहयोगियों पर ब्लैकमेल कर रूपए ऐंठने और धमकाने का आरोप लगाते हुए नागौरी गेट थाने में मामला दर्ज करवाया है। जांच थानाधिकारी की तरफ से की जा रही है। नागौरी गेट पुलिस ने बताया कि उदयमंदिर आसन निवासी हिस्ट्रीशीटर की तरफ से मामला दर्ज कराया गया है। इसका आरोप है कि एक युवती ने उससे सोशल मीडिया पर दोस्ती की थी। फिर उसे फंसाकर चौहाबो स्थित एक मकान पर गए थे जहां संबंध बनाने के बाद युवती ने अपने अन्य सहयोगी किशन आदि के साथ मिलकर उसे रूपयों के लिए ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया और वीडियो आदि वायरल करने की धमकी देने लगे। मामला जनवरी 25 का है। नागौरी गेट थानाधिकारी शैफाली सांखला की तरफ से जांच की जा रही है। बता दें कि कुछ महिनों पहले युवती की तरफ से हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ चौहाबो थाने में दुष्कर्म की रिपोर्ट दी गई थी। जिसमें अभी जांच चल रही है।

### पुलिस ने ठगी की राशि रिफंड करवाई

**जोधपुर**, (कासं)। जिले की ग्रामीण पुलिस ने साइबर ठगी के एक प्रकरण में परिवादी को उसकी राशि को होल्ड करवा रिफंड करवाई है। शातिर ने ऑनलाइन नौकरी का झांसा देकर 20 हजार 500 रूपए की ठगी की थी। मामला बोरूंदा थाना क्षेत्र का है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी ने बताया कि बोरूंदा निवासी रामभरोस के साथ यह ठगी हुई थी। उसे ऑनलाइन नौकरी का झांसा देकर शातिर ने 20500 ठगी की थी। बाद में उसने 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुये साइबर सैल, जोधपुर ग्रामीण द्वारा राशि 20,500 रूपये होल्ड करवा दी। उसकी राशि बैंक खाते में रिफण्ड करवा दी। एसपी राममूर्ति के अनुसार साइबर सैल के उपाधीक्षक रतन सिंह के निकट सुपरविजन में साइबर सैल, जोधपुर ग्रामीण में कार्यरत पुखराज व कांस्टेबल दयाल सिंह ने संबंधित बैंक के नोडल अधिकारी से बात कर राशि को रिफंड करवा दिया।

### पोस्ट ऑफिस खाता खुला, रकम खुर्दबुर्द

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के सांगरिया फांटा स्थित राधाकृष्ण विहार में रहने वाले एक युवक से दो लोगों ने धोखाधड़ी कर उसकी रकम को हड़प कर लिया। पीड़ित का पोस्ट ऑफिस में खाता खुलवाने के बाद रकम लेते रहे, मगर मियाद अवधि गुजरने के बाद भी मुनाफे की रकम को नहीं लौटाया। बार बार टालमटोल जवाब मिलने पर अब पीड़ित ने नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। बासनी पुलिस ने बताया कि पाल पशु मेला बुध विहार हाल राधा कृष्ण विहार सांगरिया फांटा निवासी ओमप्रकाश पुत्र सोहनलाल की तरफ से रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया कि उसने निर्मल कुमार और पार्वती नाम की महिला से पोस्ट ऑफिस का बचत खाता खुलवाया था। जिसके लिए यह लोग उससे रूपए लेते रहे। इन लोगों ने अच्छा मुनाफा दिलाने की बात की थी। पीड़ित ने 6 दिसम्बर 23 से लेकर 12 फरवरी 24 तक उन लोगों को रकम दी थी। मगर मियाद अवधि गुजरने के बाद भी उसकी मूल रकम के साथ मुनाफा रकम को हड़प कर खुर्दबुर्द कर दिया। बासनी पुलिस अब मामले की जांच में जुटी है।

### बूथ लेवल अधिकारियों का प्रशिक्षण पूर्ण

**जालोर**, (कासं)। भारत निर्वाचन आयोग एवं निर्वाचन विभाग राजस्थान के निर्देशानुसार निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एसडीएम) सांचौर प्रमोद कुमार के पर्यवेक्षण में विधानसभा क्षेत्र सांचौर (144) के कुल 320 बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) का विभिन्न चरणों में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को पूर्ण हुआ। चुनाव शाखा प्रभारी प्रवीण भादू ने बताया कि 3 से 17 जुलाई तक प्रशिक्षण अवधि के दौरान विधानसभा क्षेत्र-सांचौर (144) के बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को 7, 8, 9, 14 व 15 जुलाई को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें दक्ष प्रशिक्षका भंवरलाल पंवार, अशोक कुमार, किशनलाल ढाका व किशोर कुमार शर्मा द्वारा चार सत्रों के माध्यम से प्रतिदिन 65 बीएलओ को पंचायत समिति सभागार सांचौर में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर चुनाव शाखा कार्मिक भावेश कुमार, वगताराम व आईआईआईडीएम दिल्ली से प्रशिक्षित बीएलओ श्रवण कुमार सहित विधानसभा क्षेत्र सांचौर के बीएलओ उपस्थित रहे।

### पानी के कुंड में गिरने से एक की मौत

**जोधपुर**, (कासं)। निकटवर्ती बोरानाडा स्थित अंबेडकर पार्क के पास में एक व्यक्ति की पानी के कुण्ड में गिरने से मौत हो गई। उसके पुत्र ने इस बारे में बोरानाडा थाने में मर्ग की रिपोर्ट दी है। वहीं दूसरी तरफ एक युवक ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। बोरानाडा पुलिस ने बताया कि हरिजन बस्ती बोरानाडा निवासी रमेश की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि पिता 55 वर्षीय चांवडाराम पुत्र लक्ष्मण राम अंबेडकर पार्क के पास पानी के एक कुण्ड में गिर गए। पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द किया। दूसरी तरफ एयरपोर्ट थाना पुलिस ने बताया कि मूलत : उत्तरप्रदेश के बलिया हाल सती माताजी मंदिर के पास में किराए पर रहने वाले 19 वर्षीय रोहित पुत्र संतोष प्रजापत ने घर में फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। भाई निखिल प्रजापत ने मर्ग में रिपोर्ट दी।

### नगर पालिका सायला ने पौधारोपण किया

**सायला**, (निसं)। नगर पालिका सायला द्वारा मंगलवार को वृक्षारोपण अभियान के तहत उपखण्ड अधिकारी व प्रशासक सूरजभान बिश्नोई, तहसीलदार व अधिशाषी अधिकारी लक्ष्मी चौधरी एवं विकास अधिकारी गौरव बिश्नोई के उपस्थिति में उपखण्ड कार्यालय एवं तहसील परिसर में पौधारोपण किया गया। इस दौरान करंजी, गुलमोहर, नीम, कनेर समेत विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। साथ ही अधिकारियों ने आमजन से भी पर्यावरण संरक्षण के लिए बारिश के मौसम में खेतों एवं सार्वजनिक स्थानों पर पौधरोपण करने एवं उनकी नियमित सार संभाल करने का आग्रह किया। कनिष्ठ लिपिक जगदीश पूनिया, जेटीए नितेश कुमार, महेन्द्र वैष्णव, मेट मदनदास समेत कई लोग मौजूद रहे।

### नवोदय विद्यालय के लिए पंजीकरण शुरू

**जालोर**, (कासं)। जवाहर नवोदय विद्यालय जसवंतपुरा में कक्षा-6 में प्रवेश के लिए आगामी सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य मोहन चौधरी ने बताया कि नवोदय विद्यालय जसवंतपुरा में आगामी सत्र 2026-27 में कक्षा-6 में प्रवेश के लिए कक्षा-5 में अध्ययनरत विद्यार्थी अंतिम तिथि 29 जुलाई, 2025 तक लिंक पर ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकेंगे।

### मुख्यमंत्री रोजगार व सहकार उत्सव 17 को

**पाली**, (नि.सं.)। मुख्य समारोह जयपुर में व जिला स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार एवं सहकार उत्सव का आयोजन 17 जुलाई को अपराह्न 12 बजे जिला परिषद सभागार में होगा। कलैक्टर एलएन मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम में नवचयनित कार्मिकों से मुख्य अतिथि व लाइव प्रसारण के माध्यम से मुख्यमंत्री द्वारा संवाद किया जाएगा साथ ही उन्हें नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे।

# संरक्षा व सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य पर 8 रेलकर्मियों का सम्मान

**जोधपुर**, (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर मंडल द्वारा रेल संरक्षा एवं सुरक्षा के क्षेत्र में तत्परता, सजगता व उत्कृष्ट कार्य को लेकर 8 रेलकर्मियों को मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

सम्मानित कर्मचारियों में पांच लोको पायलट, एक स्टेशन मास्टर, एक गुड्स गार्ड तथा एक तकनीशियन रेलकर्मी शामिल हैं, जिन्होंने अपने कर्तव्य के प्रति समर्पण दिखाते हुए संभावित दुर्घटनाओं को टालकर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की।

सोमवार 14 जुलाई को सौरभ निर्माण, स्टेशन मास्टर, बोमादड़ा, जब ड्यूटी हेतु अपने निजी वाहन से पाली मारवाड़ से बोमादड़ा की ओर जा रहे थे, तब उन्होंने पाली मारवाड़-बोमादड़ा रेलखंड के किमी संख्या 701/9 से 701/13 के मध्य ट्रैक पर तीन स्थानों पर जलभराव के कारण ब्रीचेज देखे। उन्होंने बिना समय गंवाए खंड नियंत्रक (मध्य), जोधपुर और स्टेशन मास्टर, पाली मारवाड़ को सूचित किया। उस समय पाली स्टेशन से गाड़ी संख्या 14821 (अप) के लिए सिग्नल ऑफ किए जा चुके थे, लेकिन सूचना मिलते ही गाड़ी को तुरंत पाली पर ही रोका गया



उत्तर पश्चिम रेलवे जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने संरक्षा एवं सुरक्षा के क्षेत्र में तत्परता, सजगता व उत्कृष्ट कार्य को लेकर 8 रेलकर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

और संभावित दुर्घटना को टाल दिया गया। उनकी तत्परता से यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई।

मयंक शर्मा, गाड़ी प्रबंधक (माल), जोधपुर द्वारा गजनेर यार्ड से रन थ्रू पास होते समय स्टेशन मास्टर द्वारा चिंगारी देखे जाने पर दिए गए लाल संकेत का पालन करते हुए ट्रेन को तुरंत रोका गया। निरीक्षण में उन्होंने इंजन से पाँचवें वैगन की ट्राली में आग लगी हुई पाई। शर्मा ने कांटेवाला गजनेर के साथ मिलकर अग्निशमन यंत्र से आग बुझाई, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई तथा अन्य गाड़ियों में होने वाले विलंब को भी रोका जा सका।

रेल संचालन के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन, सतर्कता और समय पर निर्णय लेकर दुर्घटनाओं को रोकने को लेकर पांच लोको पायलटों को डीआरएम द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ये लोको पायलट अपनी दक्षता और सतर्कता से रेल संरक्षा में निरंतर योगदान दे रहे हैं।

डीआरएम त्रिपाठी ने बताया कि महेंद्र सिंह नेगी (लोको पायलट) एवं अभिजीत यादव (सहायक लोको पायलट) ने 03 जुलाई को ट्रेन संचालन के दौरान ट्रैक पर जर्क (झटका) अनुभव कर उसकी सूचना दी। उनकी सतर्कता से ट्रैक की जांच की गई एवं सतर्कता आदेश लागू कर संभावित दुर्घटना को टाला गया। घनश्याम (लोको पायलट) एवं अरुण कुमार (सहायक लोको पायलट) ने 05 जुलाई को ट्रेन संचालन के दौरान ट्रैक के पास एक घायल व्यक्ति को देखकर तत्काल मानवीय संवेदनाओं के साथ उसे एम्बुलेंस द्वारा अस्पताल भिजवाया, जिससे एक अमूल्य जीवन की रक्षा संभव हो सकी। उत्तम कुमावत (लोको पायलट) ने 20 जून को ट्रेन संचालन के दौरान समीप से गुजर रही एक ट्रेन में तकनीकी खराबी को पहचान कर उसकी सूचना नियंत्रण कक्ष को दी, जिससे यथाशीघ्र सुधार कार्य संभव हुआ और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकी।

मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने सम्मानित रेलकर्मियों को बधाई देते हुए कहा, आप सभी ने कार्य में जो निष्ठा, सतर्कता और शक्ति दिखाई है, वह अत्यंत प्रेरणादायक है।

इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक राकेश कुमार, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (कैरिज एंड वैगन) अमित स्वामी, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता जोगेन्द्र मीणा, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक लोकेश कुमार, तथा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिषेक गांधी उपस्थित रहे।

## पोकरण स्टेशन पर जल मंदिर का लोकार्पण

**पोकरण**, (नि.सं.)। पोकरण रेलवे स्टेशन पर शहर निवासी सुशीला देवी धर्मपत्नी स्वर्गीय लीलाधर जी थानवी के पुत्रों की ओर से नव निर्मित जल मंदिर का लोकार्पण विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने किया।

स्वर्गीय लीलाधर जीथानवी के पुत्र महेंद्र कुमार एवं वैष्णव कुमार सहित सहपरिवार के सदस्यों आमजन के लिए पीने के पानी की प्याऊ बनाकर नर सेवा नारायण सेवा करते हुए आमजन को पीने के पानी की रेलवे स्टेशन पर कि गई। इस दौरान भारत विकास परिषद् के सदस्यों व पुष्करणा समाज के लोगों की उपस्थिति में लोकार्पण किया। इस अवसर पर पोकरण विधायक महंत प्रताप पुरी महाराज ने कहा कि जल सेवा के साथ नर सेवा कर पुण्य का भागीदार थानवी परिवार बना है। प्रतिदिन रेलवे स्टेशन पर सैकडों की संख्या में यात्री आवागमन करते हैं, यह जल मंदिर निश्चय ही उनके कंठ शीतल करेगा। ऐसे पुनीत कार्य सेवाभावी व्यक्ति ही कर सकता हैं। मैं संपूर्ण थानवी परिवार के इस कार्य के लिए कृतज्ञता व्यक्त कर आशीर्वाद प्रदान करता हूं।

कार्यक्रम में व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश व्यास , नगर पालिका अध्यक्ष मनीषपरोहित, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष जुगल किशोर व्यास, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष आनंदीलाल गुचिया सहित कई जने उपस्थित रहे।

# शिव तत्व की गूढ़ व्याख्या व लीलाओं का वर्णन किया

**पोकरण**, (निसं)। पोकरण शहर के सन्त रामनाथ जी का धूणा परिसर में सावन मास में शिवपुराण कथा के तीसरे दिन व्यासपीठ से पंडित मुकेश ओझा ववििशष्ट सान्निध्य विधायक महंत प्रताप पुरी महाराज ने शिव महिमा का विस्तार श्रद्धा और भक्ति का संगम,सावन मास की शुभ बेला में रामनाथ के धूणा परिसर में चल रहे शिव पुराण कथा महोत्सव के तीसरे दिन श्रद्धालुओं ने शिव तत्व की गूढ़ व्याख्या एवं लीलाओं से परिपूर्ण दिव्य प्रसंगों का रसास्वादन किया।

व्यासपीठ से पं. मुकेश ओझा ने वेद-पुराणों के आलोक में भगवान शिव की महिमा का गान करते हुए जीवन के कल्याणकारी सिद्धांतों को उजागर किया। भगवान शिव द्वारा त्रिपुर नामक तीन असुर राजाओं के वध की कथा सुनाई गई, जिसमें उन्होंने त्रिपुरारी रूप धारण कर अधर्म का अंत कर धर्म की पुन: स्थापना की। पार्वती की घोर तपस्या और शिव की कृपा से संपन्न विवाह प्रसंग को अत्यंत मधुर एवं भावनात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया। योगीश्वर शिव द्वारा कामदेव के दहन की कथा सुनाते हुए गृहस्थ धर्म के महत्व पर प्रकाश डाला गया कि कैसे भगवान शिव सृष्टि के कल्याण के लिए योग से गृहस्थ की ओर अग्रसर होते हैं। नम: शिवाय को मंत्रराज बताते हुए इसे मोक्ष की कुंजी और आत्मकल्याण का सर्वोत्तम साधन बताया गया। भक्ति और भावनाओं का वातावरण कथा पंडाल में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। वैदिक मंत्रोच्चार, भजन, कीर्तन और हर-हर महादेव के जयघोष से समूचा वातावरण शिवमय हो उठा। कथा के उपरांत विशेष रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया, जिसमें जल, दूध, दही, घी, शहद एवं बेलपत्र से भगवान शिव का पूजन हुआ। कथा के दौरान शिव भक्ति से ओतप्रोत भजनों की गूंज में श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होते रहे। सामूहिक शिव तांडव स्तोत्र का पाठ कर भावविभोर वातावरण निर्मित किया गया। महंत प्रताप पुरी महाराज ने व्यासपीठ से अपने उद्बोधन में कहा कि शिव पुराण मात्र कथा नहीं, अपितु यह जीवन जीने की एक शैली है। इसमें त्याग, तपस्या, करुणा एवं कल्याण का संदेश छिपा है। यदि जीवन में शांति चाहिए तो शिव तत्व को अपनाना आवश्यक है। विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज, पूर्व विधायक साग सिंह भाटी, गुलाब सिंह गुड्डी, सन्त रामपुरीमहाराज, रामदयाल जी रंगा, शंकर लाल रंगा, सहित सैकडों महिलाओं व पुरुषों की भावपूर्ण उपस्थिति रही।

## प्रशिक्षण दिया

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पाली अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार के निर्देशानुसार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश) विक्रम सिंह भाटी द्वारा नालसा जागृति योजना 2025 के तहत गठित इकाई के सदस्यों को प्रशिक्षित करने के लिए ओरिएंटेशन सत्र का आयोजन किया गया।

सचिव भाटी ने बताया कि वंचित और ग्रामीण क्षेत्रों में मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करना, पंचायत स्तर पर जागरूकता केन्द्र स्थापित करना और लोगों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में शिक्षित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा जागृति (जमीनी स्तर पर सूचना और पारदर्शिता पहल के लिए न्याय जागरूकता) योजना 2025 शुरू की गई है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मदन सिंह, कीर्तिपाल सिंह, रणजीत सागर, पन्नाराम संस्थापन अधिकारी, नम्रता टांक, मांगीलाल तंवर, पारस थानवी, सन्तोष रावल आदि उपस्थित रहे।

# सत्य से धर्म उत्पन्न होता है : सुमति मुनि

**जोधपुर**, (कासं)। चौरड़िया भवन में विराजित सुमति मुनि ने जिनवाणी फरमाते हुए कहा कि जो आपके पास परिग्रह है उसको छोड़ने से संसार से पार हो सकते हैं। श्रद्धा परम दुर्लभ है। श्रद्धा यानि सत्य को धारण कर जीवन जीना है। सत्य से धर्म उत्पन्न होता है। धन को पुण्य नहीं कहा गया है, इसका त्याग करोगे। यह मिथ्या धारणा है कि पैसों से सब कार्य होता है। आप किसी की सहायता करते हो तो वह आप पर उपकार कर रहा है। जो मार्गानुसारी हैं वे प्रतिक्रमण के अधिकारी हैं। बीज बोने से पहले भूमि की सफाई, खाद, पानी आदि जरूरी है तब फसल अच्छी मिलती है। प्रतिक्रमण के पहले तीन आवश्यक यह कहते हैं कि आपको पाप करना नहीं है लेकिन जो पाप-दोष, गलत व्यवहार किया, उससे वापस अपने निजस्थान आत्मा में लौट आओ। अगले दो आवश्यक से हम हमारे आत्म भाव में रहते हैं।

मुनिश्री ने परिग्रह एवं उस पर मुर्छा भाव से बाहर निकलने को कहा। अहिंसा परम धर्म तब होगा जब परिग्रह से बाहर आयेंगे। जहाँ हिंसा, झूठ, चोरी एवं वहां परिठाह रहता है। गलत तरीके से कमाया हुये धन से परिवार एवं स्वयं को अशांति में धकेलना है।

इससे पूर्व महासती नगीना श्री जी ने कहा कि समकित प्राप्त होने से संसार परिमित होता है, हमारे जन्म मरण चक्र का अंत होगा। पुण्यवाणी से हमारे जन्म मरण समाप्त नहीं होते हैं। परमात्मा की पूर्ण बात मानने से श्रद्धा आती है परमात्मा ने जो कहा उसको मानना है।

भले ही हमारी आंखें और बुध्दि कुछ भी कहतीं हो। धन दुर्गति कारक है, गहने-वस्तु अपने शरीर पर सर्प की भांति लिपटी हुई है। धन से सम्मान-यश मानना मिथ्या धारणा है, पुरुषार्थ से अपनी मिथ्या मान्यता को सही करना है, जिससे हमारा जन्म मरण मिट जाये। जो परमात्मा हमे मार्ग बताते है उसी को मानना है।

देवराज बोहरा ने बताया कि सुबह 6.15 से 7.15 तक ज्ञान शिविर, 8.30 से 9.45 तक प्रवचन, दोपहर 1 बजे से साय 4 बजे तक आगम-वाचन, सांयकाल 7.25 पर प्रतिक्रमण एवं रात नौ से। दस बजे तक धर्म चर्चा का कार्यक्रम होता है। बच्चों के लिए शाम चार बजे से पांच बजे तक संस्कार शिविर आयोजित किया जाता है।

## बीठड़ी में गोष्ठी का आयोजन

**जोधपुर**, (नि.सं.)। केंद्रीय संचार ब्यूरो, जोधपुर द्वारा ग्राम पंचायत बीठड़ी के सहयोग से आज राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बीठड़ी विद्यालय परिसर में "हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान" एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

बीठड़ी के समाजसेवी ओमप्रकाश पंवार ने बताया कि हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान जिसका उदेश्य नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों और जिम्मेदारियों का ज्ञान करवाता है।

कार्यवाहक प्राचार्य दिनेश पुरोहित ने बताया कि सम्पूर्ण भारत में 26 नवम्बर संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। ज्ञानवर्धक फोटो प्रदर्शनी छात्र-छात्राओं ने देखा और आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

# परशुराम महादेव यात्रा की तैयारी पूरी, भजन 19 को

**जोधपुर**, (कासं)। जोधाणा धर्मार्थ सेवा संस्थान, जोधपुर द्वारा संचालित बाबा परशुराम महादेव पैदल यात्रा 19 जुलाई को जोधपुर से रवाना होगी। इसकी तैयारियों को लेकर अंतिम रूप दिया गया है। यात्रा मार्ग में पड़ने वाले वाले पड़ाव स्थलों का जायजा लेकर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है।

प्रवक्ता जयसिंह कच्छवाहा ने बताया कि पिछले 28 वर्षों की तरह इस वर्ष भी भगवान परशुराम महादेव पैदल यात्रा निकाली जा रही है। 19 जुलाई को सांय 6 बजे शिव मन्दिर, बनावता का बेरा, चेनपुरा पर संस्थान के अध्यक्ष शंकर लाल कच्छवाहा द्वारा पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा को रवाना किया जाएगा। विभिन्न मांगों से होते हुए यह शोभायात्रा लाल सागर स्थित हनुमानजी का मन्दिर पहुंचेगी। रात्रि को यहां भव्य भक्ति संगीत का कार्यक्रम होगा। भजन संध्या में भजन सम्राट महेन्द्रसिंह राठौड़,भजन सम्राट सुर लहरी लेहरू दास वैष्णव,भजन सम्राट मोईनुदीन मनचला, गजेन्द्र निवास राव, महावीर साँखला नागौर, मंच शिरोमणी राष्ट्रपति पुरुष्कार प्राप्त ओमप्रकाश आचार्य, विक्की मनचला सहित लोकगायक भजनों की प्रस्तुति देंगे।

जयसिंह कच्छवाहा ने बताया कि 20 जुलाई, रविवार को सुबह चार बजे लालसागर बालाजी मंदिर से पैदल यात्रा रवाना होगी। रात को प्रथम पड़ाव प्राथमिक विद्यालय कुड़ी में होगा। दूसरा पड़ाव सोमवार को उच्च माध्यमिक विद्यालय रोहट में रहेगा। इसी प्रकार तीसरा पड़ाव रा.उ.मा. वि., बांगड़ स्कूल, पाली, चौथा पड़ाव, पांचवां पड़ाव रानी, तथा छटा पड़ाव सादड़ी में रहेगा। सातवे दिन परशुराम महादेव (कुण्ड धाम) में रात्रि विश्राम रहेगा। अगले दिन भगवान परशुराम महादेव के दर्शन कर यात्रा समापन होगा।

यात्रियों के लिए चाय पानी तथा भोजन की व्यवस्था संस्थान द्वारा निशुल्क की जाएगी।

# मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर संपन्न

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। श्री माहेश्वरी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर एवं जिला अंधता निवारण समिति, जैसलमेर के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में 58 नेत्र रोगियों की जांच की गई तथा चयनित 33 रोगियों का नि:शुल्क जांचे कर अत्याधुनिक फेको मशीन द्वारा बिना चीरे / बिना इंजेक्शन / बिना टांके से सफल ऑपरेशन किये गए। यह शिविर स्व. कालूराम घुरका (हैदराबाद) की पुण्य स्मृति में नन्दकिशोर जी घुरका द्वारा प्रायोजित किया गया।

शिविर का उद्घाटन जैसलमेर विधायक छोटूसिंह द्वारा किया गया। उन्होंने श्री माहेश्वरी हॉस्पिटल एवं स्थानीय व प्रवासी माहेश्वरी समाज बंधुओं की इस नेक कार्य पर सराहना की। कार्यकारी निदेशक डॉ वी. डी. जेठा ने अतिथियों एवं उपस्थित सभी महेश्वरी समाज बंधुओं का स्वागत किया। मदनलाल डांगरा, मोहनलाल डांगरा, जगदीश बिसानी, ग्वालदास सांवल, जयप्रकाश चांडक, वल्लभ केधारी, जगदीश राठी, राधेश्याम गोयदानी, जगदीश चांडक, शिवरतन मोहता, विनोद डांगरा, ग्वालदास गोयदानी, मुकेश नागोरी, रामनारायण मेहरा, मिठालाल मोहता के साथ समाजसेवी मुरलीधर खत्री शामिल रहे।

शिविर में भाग लेने वाले सभी मरीजों को निशुल्क दवा, चश्मा एवं भोजन की व्यवस्था भी की गई। इस नेक कार्य में महेश्वरी समाज के सदस्यों, अस्पताल प्रबंधन और स्वयंसेवकों का विशेष सहयोग रहा। श्री माहेश्वरी हॉस्पिटल की स्थानीय प्रबंधन समिति के सदस्य मांगीलाल टावरी, प्रो. लक्ष्मीनारायण नागोरी, मनोहर लाल केला, महेश भूतड़ा ने सभी का आभार व्यक्त कर शिविर को सफल बनाने के लिए धन्यवाद् दिया।

श्री माहेश्वरी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर एवं जिला अंधता निवारण समिति, जैसलमेर की ओर से यह प्रयास भविष्य में भी जारी रहेंगे, ताकि दूरदराज़ के जरूरतमंद रोगियों को समय पर और सुलभ चिकित्सा सेवा मिलती रहे।

# पाली में जलभराव क्षेत्रों में जल की निकासी जल्द होगी, प्रशासन सतर्क

**पाली**, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर एलएन मंत्री और जिला पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट ने आज मंगलवार को भारी बरसात से जल भराव व निकासी को लेकर आज फिर शहर का दौरा कर निरीक्षण किया।

पाली शहर में हुई भारी बारिश के चलते शहर के कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। हालात को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है और परिस्थितियों पर नजर बनाये रखे है। इसे लेकर आज भी दोनों अधिकारियों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया जिनमें नयागांव, बोमादड़ा तिराया, बहतर फिट बालाजी, पांच मौखा पुलिया, हाउसिंग बोर्ड और रामदेव रोड जैसे प्रमुख जलभराव प्रभावित इलाकों का दौरा किया और जल्द निकासी के सभी प्रबंध करने के निर्देश दिये।



पाली में कलैक्टर एल.एन. मंत्री, पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट ने नयागांव, बोमादड़ा तिराया, बहतर फिट बालाजी, पांच मौखा पुलिया जैसे प्रमुख जलभराव प्रभावित इलाकों का दौरा किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जिला कलैक्टर मंत्री ने कहा कि यधपि पहले से ही नालों की सफाई व अतिक्रमण हटाये गये है जिससे बरसात का पानी निकल रहा है लेकिन अधिक वर्षा के कारण जिन क्षेत्रों में जलभराव हुआ है, उसकी निकासी जल्द की जायेगी। उन्होंने कहा कि इसके लिये अधिकारियों की टीमें बनाकर उन्हें निर्देशित किया जा चुका है कि जल की निकासी शीघ्र करें और आमजन के बीच जाकर उनकी बात सुने और आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि जल भराव क्षेत्रों से जल्द से जल्द पानी की निकासी सुनिश्चित की जा रही है उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि आमजन को परेशानी ना हो।

इसके लिये दोनो अधिकारी हर समय हर गतिविधि की निगरानी कर रहे हैं। जिला कलेक्टर ने सोमवार को आपदा प्रबंधन की बैठक लेकर सभी विभागीय अधिकारियों को अलग-अलग क्षेत्रों की जिम्मेदारी सौंपी गई है ताकि जलभराव की समस्या से जल्द निजात मिल सके।

कलैक्टर ने आज भी सभी संबधित अधिकारियों -विभागों जिला प्रशासन व आपदा प्रबधन विभाग, यूआईटी, नगर निगम, चिकित्सा विभाग आदि को दिशा निर्देश दिये है कि वे फील्ड में रहकर परिस्थितियों का आकलन कर त्वरित व उचित कार्य करे। जिला कलैक्टर ने अतिरिक्त जिला कलैक्टर डॉ बजरंग सिंह, एडीएम अश्विनी के पंवार, मुख्यकार्यकारी अधिकारी मुकेश चौधरी, यूआईटी सचिव डॉ पूजा सक्सेना, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज, उपखंड अधिकारी विमलेन्द्र राणावत आदि अधिकारियों से वर्तमान परिस्थितियों की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये।

# रक्तदान का वर्ल्ड रिकार्ड बनाने की तैयारी

**आबूरोड**, (निसं)। ब्रह्मकुमारी संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18 वीं पुण्यतिथि (25 अगस्त) विश्व बंधुत्व दिवस के उपलक्ष्य में संस्थान राष्ट्रीय रक्तदान महाअभियान चलाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड बनाएगा।

संस्थान के देशभर में स्थित छह हजार से अधिक सेवाकेंद्रों पर एकसाथ 22 से 25 अगस्त के बीच विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसे लेकर मुख्यालय शांतिवन के दादीजी मीटिंग हाल में बैठक आयोजित की गई। इसमें अतिरिक्त महासचिव डॉ. बीके मृत्युंजय भाई ने कहा कि रक्तदान महाअभियान में सभी मेडिकल मानकों को फॉलो करते हुए पूरी सावधानी के साथ शिविर लगाए जाएंगे। सभी सेवाकेंद्र ज्यादा से ज्यादा लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। वरिष्ठ राजयोगी बीके प्रकाश भाई ने बताया कि नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्ढा रक्तदान महाअभियान का राष्ट्रीय शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही देशभर में रक्तदान शिविरों की शुरुआत हो जाएगी। समाज सेवा प्रभाग के राष्ट्रीय संयोजक बीके अवतार भाई ने कहा कि इस महाअभियान से जुडने के लिए सभी लोगों से अपील करें। समाज सेवा प्रभाग के प्रो. ईवी गिरीश ने बताया कि यह रक्तदान शिविर भारत के अलावा नेपाल में स्थित ब्रह्माकुमारी के सभी सेवाकेंद्रों पर आयोजित किए जाएंगे। इसमें ब्रह्माकुमार भाई-बहनों के साथ स्थानीय लोग भी भाग लेंगे।